दिनांकः 25.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृहमंत्री अमित शाह सहित केन्द्रीय मंत्रियों से की मुलाकात–प्रदेश के चहुंमुखी विकास के संबंध में चर्चा की।
- गैंगस्टर आनंदपाल एनकाउंटर मामले में एसीजेएम सीबीआई कोर्ट ने सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के दिये आदेश।
- राज्य सरकार ने जयपुर जिला कलेक्टर को गलता पीठ का प्रशासक नियुक्त किया–मंदिर के प्रबंधन और संचालन के लिए समिति का हुआ गठन।
- कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष में देशभर में हो रहे विभिन्न कार्यक्रम।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने श्री शाह को राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में किए जा रहे लोक कल्याणकारी कार्यों से अवगत कराया। श्री शर्मा ने संसद भवन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भेंट की और राजस्थान में जल जीवन मिशन और "पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना"–ईआरसीपी की प्रगति और क्रियान्वयन के विषय में जानकारी दी। बाद में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी से भी मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्री शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासीय एवं शहरी मामलात मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी भेंट कर उन्हें प्रदेश की जरूरतों के हिसाब से विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया।

000

गैंगस्टर आनंदपाल एनकाउंटर मामले में एसीजेएम सीबीआई कोर्ट ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने एनकाउंटर में शामिल सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने मामले में परिवादी आनंदपाल की पत्नी की ओर से दायर प्रोटेस्ट पिटिशन पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिये। मामले में तत्कालीन चूरू पुलिस अधीक्षक राहुल बारहठ, तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश चौधरी, उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ और आरएसी के एक हेड कॉन्स्टेबल तथा तीन कॉन्स्टेबलों के खिलाफ मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं।

000

राज्य विधानसभा में आज विधायक बाबू सिंह राठौड की ओर से शेरगढ की ग्राम सेवा सहकारी समिति में परिवादों के संबंध में ध्यान आकर्षित किया जाएगा। विधायक रीटा चौधरी मंडावा में क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण के संबंध में और विधायक पब्बाराम विश्नोई जोधपुर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक की अनियमितताओं के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। मंत्री सुरेश सिंह रावत राज्य बांध सुरक्षा संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन सदन की मेज पर रखेंगे। सहकारिता और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अनुदान मांगों पर विचार भी होगा।

000

स्वर्ण नगरी जैसलमेर में सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर नगर परिषद ने नवाचार किया है। इसके तहत स्वर्णनगरी को दो जोन में विभाजित कर वार्ड वाइज कलस्टर बनाया गया है। इसके साथ ही शहर के मुख्य चौराहों, सड़कों और पर्यटन स्थलों की रोजाना रात में भी सफाई करवाई जाएगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

................

000

23 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के सिलसिले में जयपुर में कल इसरो की ओर से चंद्रयान–3 मिशन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जोधपुर के वैज्ञानिक, मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकों तथा स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

000

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से जयपुर में कल अभियान चलाकर लोगों को हेलमेट पहनने और गुणवत्तापूर्ण हेलमेट खरीदने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में ब्यूरो के साथ जयपुर पुलिस ने शहर में विभिन्न स्थानों पर हेलमेट विक्रेताओं के यहां गैर प्रमाणित हेलमेटों की जांच की और चालान काटे गए। ब्यूरो के निदेशक ने लोगों से आई एस आई मार्क वाले हेलमेट ही इस्तेमाल करने की अपील की।

000

राज्य सरकार ने जयपुर जिला कलेक्टर को गलता पीठ का प्रशासक नियुक्त किया है। देवस्थान विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना में ये आदेश जारी किये। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आदेश के बाद गलता मंदिर की सभी परिसंपत्तियों के प्रबंधन और संचालन की व्यवस्था के लिए सहायता प्रबंधन और संचालन समिति का गठन किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित प्रबंधन एवं संचालन समिति में उपखण्ड अधिकारी–जयपुर प्रथम और कोषाधिकारी शहर को सदस्य तथा देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि इन समितियों के माध्यम से गलता पीठ का मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा और जरूरी काम किये जाएंगे।

000

26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष में देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली में सेना मुख्यालय यूनिफ़ॉर्म फोर्स द्वारा 'ऑल वुमेन मोटरबाइक रैली'आयोजित की गई। रैली में सेना की महिला अधिकारियों और अन्य रैंकों की 25 अनुभवी महिला राइडरों ने भाग लिया। सेना की 29 अग्निवीर वायु महिलाएं भी कार्यक्रम में महिला ड्रिल टीम बनाती हुई कल इंडिया गेट परिसर में प्रदर्शन करेगी। भारतीय वायु सेना ने नागरिकों को प्रदर्शन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है।

इधर, जयपुर सैन्य स्टेशन पर कारगिल विजय दिवस समारोह की कड़ी में कल पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें दक्षिण पश्चिम कमान के कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कारगिल वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

000

भारत आज से पेरिस ओलिम्पिक 2024 में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ओलिम्पिक खेलों का उद्घाटन समारोह कल आयोजित होगा। तीरंदाजी के व्यक्तिगत रैंकिंग राउंड में दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, भजन कौर, बी. धीरज, तरुण दीप रॉय और प्रवीण जाधव चुनौती पेश करेंगे। अन्य चरण 28 जुलाई से चार अगस्त के बीच होंगे। भारत ओलिम्पिक खेलों में तीरंदाजी की सभी पांच स्पर्धाओं, पुरुष और महिला दलों की व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेगा।

भारतीय ओलिम्पिक दल को शुभकामनाएं देने के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों की नामी हस्तियां अपने भावनाएं व्यक्त कर रही हैं। प्रदेश से पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित संगीतकार अली मोहम्मद गनी मोहम्म्द ने आकाशवाणी के जरिये अपनी शुभकामनाओं को साझा किया।

...............

000

प्रदेश में कई स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के कई भागों जबकि पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तीन–चार दिन तक बारिश की गतिविधियां बने रहने की संभावना जताई है। इस बीच, बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। बारां में नदियों में जल स्तर बढने से कई गांवों का सम्पर्क कट गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

000